गुरुवार
बिहार
27-अगस्त-2026
Thursday
वर्ष : 5
प्रादेशिक संस्करण


# चेतना

शिक्षकों का, शिक्षकों के लिए और शिक्षकों द्वारा प्रकाशित




संपादकीय
चेतना सत्र
सविधान
दैनिक कार्ययोजना
समय सारणी एवं पाठ टीका
पीएम पोषण योजना


भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री

**चिराग पासवान**

बिहार के उद्योग एवं खेल मंत्री

**श्रेयसी सिंह**

| AUGUST | | | 2026 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| र. | सो. | म. | बु. | गु. | शु. | श. |
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | 31 | | | | | |

4 चेहल्लुम
15 स्वतंत्रता दिवस
24 अंतिम श्रावणी सोमवारी
26 हजरत मोहम्मद साहब जन्म दिवस
28 रक्षा बंधन









अनिल कुमार प्रभाकर
प्रधान संपादक


श्री कुंदन कुमार वर्मा
संपादक


फरहान
संपादक मंडल


श्रीमती रिंकू कुमारी
संपादक मंडल


श्री राकेश कुमार
संपादक मंडल


## चेतना

***"टीचर्स ऑफ बिहार"***

द्वारा प्रकाशित ***"चेतना"*** दैनिक पत्रिका बिहार के शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं के शैक्षिक बेहतरी के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। इसमें सम्मिलित सामग्री शिक्षकों को विद्यालय के दैनिक कार्य में मदद करती है। आइए, हम सब मिलकर इस अनूठे प्रयास का हिस्सा बनकर

## हमारे महान विभूति



**उद्योगपति एवं समाजसेवी**

### जीवन परिचय

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | सर दोराबजी टाटा |
| जन्म | : | 27 अगस्त 1859 |
| जन्म स्थान | : | बॉम्बे (वर्तमान मुंबई), महाराष्ट्र |
| पिता | : | जमशेदजी नुसरवानजी टाटा |
| माता | : | हीराबाई टाटा |
| पति/पत्नी | : | मेहरबाई टाटा |
| शिक्षा | : | स्नातक |
| अवार्ड | : | नाइटहुड (Sir की उपाधि), 1910 |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| मृत्यु | : | 03 जून 1932,बैड किसिंगेन, जर्मनी |










### -: आज की प्रेरणा :-

*जब हम बोलते हैं तो सिर्फ वही बोलते हैं जो हमें पहले से ही मालूम है... पर जब हम सुनते हैं, हम कुछ नया सीख सकते हैं।*

**आज से हम :**

कम बोलें, ज़्यादा सुनें और ज़्यादा सीखें...

*When we talk, we are only repeating what we already know... But when we listen, we may learn something new...!*

**Today Onwards Let's :**

talk less, listen more and learn more.

नोट : रविवार के दिन खुलने वाले विद्यालय शुक्रवार के दिन प्रकाशित होने वाले चेतना का उपयोग कर सकते हैं।



# चेतना सत्र

चेतना

27-अगस्त-2026 Thursday गुरुवार वर्ष 05

## 1. प्रार्थना



### प्रार्थना

तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है तू रहीम हैं, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ।
तू ही वाहे गुरु तू यीशु मसीह, हर नाम में तू समा रहा,
तू ही राम है, तू रहीम है।
तेरी जात पाक कुरान में, तेरा दर्श वेद पुराण में,
गुरु ग्रन्थ जी के बखान में, तू प्रकाश अपना दिखा रहा।
तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है, तू रहीम है।
अरदास है कहीं कीर्तन, कहीं राम धुन कहीं आह्वान,
अरदास है कहीं कीर्तन, कहीं राम धुन कहीं आह्वान
विधि वेद का है ये सब रचन, तेरा भक्त तुझको बुला रहा,
तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है, तू रहीम है।

### अभियान गीत

घर-घर अलख जगाएगें, हम बदलेंगे जमाना।।
निश्चय हमारा, ध्रुव सा अटल है।
काया की रग-रग में, निष्ठा का बल है।।
जागृति शंख बजायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।
बदली हैं हमने अपनी दिशायें।
मंजिल नयी तय, करके दिखायें।।
धरती को स्वर्ग बनायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।
श्रम से बनायेंगे, माटी को सोना।
जीवन बनेगा, उपवन सलोना।।
मंगल सुमन खिलायेंगें, हम बदलेंगे जमाना।।
कोरी कल्पना की तोड़ेंगे कारा।
ममता की निर्मल, बहायेंगे धारा।।
समता की दीप जलायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।

### बिहार राज्य प्रार्थना

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रुक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

*- एम. आर. चिश्ती*

### बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शातिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शाति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

*- सत्यनारायण*

## 2. आज का विचार

**बुद्धिमान व्यक्ति दूसरों की गलती से सीखता है।**

## 3. शब्द ज्ञान

| | English | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Read | रीड | पढ़ना |
| 2. | Write | राईट | लिखना |
| 3. | play | प्ले | खेलना |

| हिन्दी | |
|---|---|
| संरक्षण | देखरेख |
| विचलित | चंचल |
| प्रकोष्ठ | कमरा |

| संस्कृत | |
|---|---|
| जाता | उत्पन्न हुई |
| कश्चित् | कोई |
| अधः | नीचे |

| | اردو (उर्दू) | | |
|---|---|---|---|
| 1. | عدالت | Adalat | न्यायालय |
| 2. | عدل | Adal | न्याय |
| 3. | پست | Pa st | पिछड़ा |

## 4. दिवस ज्ञान

**राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा**

## 5. सामान्य ज्ञान-विज्ञान

1. सूर्य की किरण में कितने रंग होते हैं? : 7
2. 'विटामिन-सी' का सबसे अच्छा स्त्रोत क्या है? : आंवला
3. सौर ऊर्जा किससे प्राप्त होती है? : सूर्य

## 6. तर्क ज्ञान

1. 3, 6, 12, 24, ? : 48
2. एक दर्जन में 12 वस्तुएँ होती हैं। 3 दर्जन में कितनी वस्तुएँ होंगी? : 36
3. एक कमरे में 4 कोने हैं। प्रत्येक कोने में एक बिल्ली बैठी है। कुल कितनी बिल्लियाँ हैं? : 4

## 7. अशुद्ध-शुद्ध

1. अतैव : अतएव
2. अधार : आधार
3. अभिषट : अभीष्ट

## 8. प्रेरक प्रसंग

### विश्वास

एक डाकू था जो साधू के भेष में रहता था। वह लूट का धन गरीबों में बाँटता था। एक दिन कुछ व्यापारियों का जुलूस उस डाकू के ठिकाने से गुज़र रहा था। सभी व्यापारियों को डाकू ने घेर लिया। डाकू की नज़रों से बचाकर एक व्यापारी रुपयों की थैली लेकर नज़दीकी तंबू में घूस गया। वहाँ उसने एक साधू को माला जपते देखा। व्यापारी ने वह थैली उस साधू को संभालने के लिए दे दी। साधू ने कहा की तुम निश्चिन्त हो जाओ।

डाकूओं के जाने के बाद व्यापारी अपनी थैली लेने वापस तंबू में आया। उसके आश्चर्य का पार न था। वह साधू तो डाकूओं की टोली का सरदार था। लूट के रुपयों को वह दूसरे डाकूओं को बाँट रहा था। व्यापारी वहाँ से निराश होकर वापस जाने लगा मगर उस साधू ने व्यापारी को देख लिया। उसने कहा; "रूको, तुमने जो रूपयों की थैली रखी थी वह ज्यों की त्यों ही है।"
अपने रुपयों को सलामत देखकर व्यापारी खुश हो गया। डाकू का आभार मानकर वह बाहर निकल गया। उसके जाने के बाद वहाँ बैठे अन्य डाकूओं ने सरदार से पूछा कि हाथ में आये धन को इस प्रकार क्यों जाने दिया। सरदार ने कहा; "व्यापारी मुझे भगवान का भक्त जानकर भरोसे के साथ थैली दे गया था। उसी कर्तव्यभाव से मैंने उन्हें थैली वापस दे दी।"
किसी के विशवास को तोड़ने से सच्चाई और ईमानदारी हमेशा के लिए शक के घेरे में आ जाती है।

# संविधान

चेतना

27-अगस्त-2026 Thursday गुरुवार वर्ष 05


## राष्ट्र-गान

*जन-गण-मन अधिनायक जय हे*
*भारत भाग्य विधाता ।*
*पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा*
*द्राविड़-उत्कल-बंग*
*विंध्य हिमाचल यमुना गंगा*
*उच्छल जलधि तरंग*
*तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिष मागे*
*गाहे तव जय-गाथा ।*
*जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता ।*
*जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे ।*

*- रविन्द्रनाथ टैगोर*

## राष्ट्रीय गीत

*वंदे मातरम्*
*सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्*
*शस्यशामलां मातरम्।*
*शुभ्रज्योत्सनापुलकितयामिनिं*
*फुल्लकुसुमितद्रुमदलशोभिनीं*
*सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीं*
*सुखदां वरदान मातरम्।। 1.. वंदे मातरम्।*
*कोटि-कोटि-कण्ठ-कल-कल-निनाद-कराले*
*कोटि-कोटि-भुजैर्धृत-क्रकरवाले,*
*अबला केन मा एते बल।*
*बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं*
*रिपुदलवारिणीं मातरम्।। 2.. वंदे मातरम्।*
*तुम विद्या, तुमि धर्मि*
*तुम हृदि, तुमि मर्म*
*त्वं हि प्राणा: शरीरे*
*बहुते तुमि मां शक्ति,*
*हृदये तुमि मां भक्ति,*
*तोमरै प्रतिमा घड़ी*
*मंदिरे-मंदिर मातरम्।। 3 .. वंदे मातरम्।*
*त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी*
*कमला कमलदलविहारिणी*
*वाणीदायिनी, नमामि त्वम्*

*- बंकिमचन्द्र चटर्जी*

## मौलिक अधिकार

1. *समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)*
2. *स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)*
3. *शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)*
4. *धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)*
5. *संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)*
6. *संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)*

## संविधान में उपबंधित मौलिक कर्तव्य

1. *संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्र गान का आदर करना।*
2. *स्वतंत्रता के लिये हमारे राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों का पालन करना।*
3. *भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना।*
4. *देश की रक्षा करना और आह्वान किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करना।*
5. *भारत के लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करना जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग आधारित सभी प्रकार के भेदभाव से परे हो। साथ ही ऐसी प्रथाओं का त्याग करना जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं।*
6. *हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्त्व देना और संरक्षित करना।*
7. *वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा एवं सुधार करना और प्राणिमात्र के लिए दयाभाव रखना।*
8. *मानवतावाद, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा ज्ञानार्जन एवं सुधार की भावना का विकास करना।*
9. *सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना एवं हिंसा से दूर रहना।*
10. *व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिये प्रयास करना ताकि राष्ट्र लगातार उच्च स्तर की उपलब्धि हासिल करे।*
11. *6 से 14 वर्ष तक के आयु के अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना। (86वें संविधान द्वारा जोड़ा गया)*

## भारत के संविधान की प्रस्तावना

*हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :*
*सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय,*
*विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म*
*और उपासना की स्वतंत्रता,*
*प्रतिष्ठा और अवसर की समता,*
*प्राप्त कराने के लिए,*
*तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और*
*राष्ट्र की एकता और अखण्डता*
*सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए*
*दृढ़ संकल्पित होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ईस्वी (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।*

चेतना

# दैनिक कार्ययोजना (DAILY PLANNER)

| 27-Aug-2026 | Thursday गुरुवार |
|---|---|

## आज के टॉप 3 कार्य

- [ ]
- [ ]
- [ ]

RATE YOUR DAY

कुल नामांकित छात्रों कि संख्या :

आज उपस्थित छात्रों कि संख्या :

MDM खाने वालों छात्रों कि संख्या :

## TIME TRACKER

| | |
|---|---|
| 09:30 AM | |
| 10:00 AM | |
| 10:40 AM | |
| 11:20 AM | |
| 12:00 PM | |
| 01:20 PM | |
| 02:00 PM | |
| 02:40 PM | |
| 03:20 PM | |
| 04:00 PM | |

## TO DO'S

- [ ]
- [ ]
- [ ]
- [ ]
- [ ]
- [ ]
- [ ]
- [ ]
- [ ]
- [ ]
- [ ]

## CALLS / EMAIL

## MENU OF THE DAY

- [ ] BREAKFAST
- [ ] LUNCH
- [ ] SNACKS
- [ ] DINNER

WATER

EXERCISE ______ hours

## MONEY TRACKER

| +/- | AMOUNT | EXPENSE / SAVED |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

## HIGHLIGHT OF THE DAY

# समय सारणी पाठ टीका

चेतना

27-अगस्त-2026 Thursday गुरुवार वर्ग 05

ज्ञापांक : 01/मा०शि०-स्था 'ख'-68/2024/2444 दिनांक :- 21/11/2024 ज्ञापांक : 01/मा०शि०-68/24/664 दिनांक :- 04/04/2025

| समय | | 09:30 - 10:00 | 10:00 - 10:40 | 10:40 - 11:20 | 11:20 - 12:00 | 12:00 - 12:40 | 12:40 - 01:20 | 01:20 - 02:00 | 02:00 - 02:40 | 02:40 - 03:20 | 03:20 - 04:00 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 06:30 - 07:00 | 07:00 - 07:40 | 07:40 - 08:20 | 08:20 - 09:00 | 09:00 - 09:40 | 09:40 - 10:20 | 10:20 - 11:00 | 11:00 - 11:40 | 11:40 - 12:20 | 12:20 - 12:30 |
| वर्ग | घंटी | | पहली | दूसरी | तीसरी | | चौथी | पंचमी | छठी | सप्तमी | आठमी |
| 1 | | साफ-सफाई, चेतना सत्र - प्रार्थना | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | मध्यांतर / मध्याह्न भोजन कार्यक्रम | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | अंग्रेजी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 2 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | अंग्रेजी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 3 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 4 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 5 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 6 | | | अंग्रेजी | गणित | विज्ञान | | सामाजिक विज्ञान | हिंदी / उर्दू / अन्य | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | अंग्रेजी (पठन एवं लेखन) | खेल गतिविधि |
| 7 | | | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | गणित | | विज्ञान | अंग्रेजी (पठन एवं लेखन) | हिंदी / उर्दू / अन्य | संस्कृत / राष्ट्रभाषा / अन्य | खेल गतिविधि |
| 8 | | | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | | गणित | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | अंग्रेजी (पठन एवं लेखन) | हिंदी / उर्दू / अन्य | खेल गतिविधि |

नोट:- 1. उपरोक्त वर्ग - समय सारिणी सुझावात्मक है। 2. विद्यालय अपने संसाधनों यथा - शिक्षक, छात्र, वर्ग कक्ष, सेक्शन की संख्या आदि की उपलब्धता के आधार पर उपरोक्त वर्ग - समय सारणी में परिवर्तन कर सकता है। 3. जिन विद्यालयों में पुस्तकालय है वहाँ बच्चों को सप्ताह में किसी दो अलग-अलग घटियों में पुस्तक पढ़ने को प्रेरित किया जा सकता है। 4. प्रत्येक सप्ताह में सभी विषय की साप्ताहिक मूल्यांकन विद्यालय अपनी सुविधा अनुसार किसी भी दिन किसी भी घंटी करेंगे।

## पाठ टीका NOTES ON LESSONS

| दिनांक | घंटी | कक्षा | विषय | प्रस्तावित पाठ की संक्षिप्त टिप्पणी | कृष्णपट-कार्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | Period | Class | Subject | Brief notes on lessons proposed | Black Board work | Remarks |
| 27-अगस्त-2026 | | सभी | चेतना सत्र | साफ-सफाई, प्रार्थना, व्यायाम एवं अन्य आयाम | | |
| | 1 | | | | | |
| | 2 | | | | | |
| | 3 | | | | | |
| | 4 | | | | | |
| | | सभी | मध्यांतर / मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम | | | |
| | 5 | | | | | |
| | 6 | | | | | |
| | 7 | | | | | |
| | 8 | पाठ टीका का संधारण | | | | |

शिक्षक का हस्ताक्षर

# पीएम पोषण योजना

चेतना

27-अगस्त-2026 Thursday गुरुवार वर्ष 05

**पीएम पोषण योजना का मेनू : -**

| दिनांक | दिन | प्रस्तावित मीनू |
|---|---|---|
| 27-Aug-2026 | गुरुवार | चावल मिश्रित दाल तड़का (हरी सब्जी युक्त) |

**पीएम पोषण योजना :-**

*बच्चों को अपने जीवन, भोजन, शिक्षा तथा विकास का अधिकार है। इस अधिकार की प्राप्ति बच्चे करें एवं उन्हें इसके उचित अवसर मिलें, यह राज्य का दायित्व है। भारतीय सविधान की धारा 21A के अंतर्गत 6 से 14 आयुवर्ग के सभी बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदत्त है। प्रारंभिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण में मदद करने के उद्देश्य से सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में पीएम पोषण योजना उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इस योजना का लाभ निम्नवत है :-*

- *बच्चों को पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य की प्राप्ति।*
- *बच्चों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि।*
- *बच्चों के बीच सामाजिक समता।*
- *बच्चों की सीखने की क्षमता एवं आत्मसम्मान के स्तर को बढ़ाना।*
- *बच्चों के छीजन में कमी।*
- *नामांकन एवं उपस्थिति में निरंतर बढ़ोतरी।*
- *बच्चों के ठहराव, अधिगम एवं एकाग्रता सुनिश्चित करने में मदद।*

**परिवर्तन मूल्य की नई दर की विवरणी (01-12-2024 से प्रभावित)**

| कक्षा 01 से 05 के लिए | | | |
|---|---|---|---|
| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
| दाल | 20 Gram | 120.00 | 2.40 |
| सब्जी | 50 Gram | 28.00 | 1.40 |
| तेल | 5 Gram | 160.00 | 0.80 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 0.68 |
| जलावन | 100 Gram | 15.00 | 1.50 |
| | | कुल = | 6.78 |

| कक्षा 06 से 08 के लिए | | | |
|---|---|---|---|
| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
| दाल | 30 Gram | 120.00 | 3.60 |
| सब्जी | 75 Gram | 28.00 | 2.10 |
| तेल | 7.5 Gram | 160.00 | 1.20 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 1.02 |
| जलावन | 150 Gram | 15.00 | 2.25 |
| | | कुल = | 10.17 |

# बीस सूचक

चेतना

## (बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्)

द्वारा

## संचालित "समझे - सीखें", गुणवत्ता शिक्षा कार्यक्रम के बीस सूचक -

1. विद्यालय समय से खुलना एवं बंद होना ।
2. समय से चेतना सत्र का आयोजन ।
3. हर एक बच्चा एवं शिक्षक विद्यालय के समय विद्यालय में उपस्थित ।
4. हर एक बच्चा एवं हर एक शिक्षक सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में तल्लीन ।
5. शिक्षकों को बच्चे के शैक्षिक स्तर की जानकारी एवं उसका संधारण ।
6. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन ।
7. कक्षा एक के लिए विशिष्ट रूप से निर्धारित पूर्णकालिक शिक्षक ।
8. विद्यालय के सभी कक्षाओं में श्यामपट्ट का पूर्ण उपयोग ।
9. सभी कक्षाओं में दैनिक शिक्षण-तालिका की उपलब्धता तथा उपयोग ।
10. अंतिम घंटी में खेलकूद, कला तथा सांस्कृतिक गतिविधियां ।
11. विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए कहानी की किताबें, खेल सामग्री आदि का उपयोग ।
12. मेनू के अनुसार मध्याहन भोजन का दैनिक वितरण ।
13. सक्रिय बाल-संसद तथा मीना मंच ।
14. साफ-सुथरे बच्चे तथा साफ-सुथरा विद्यालय ।
15. उपलब्ध पेयजल व्यवस्था एवं शौचालयों का उपयोग ।
16. विद्यालय परिसर में बागवानी ।
17. विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए अनुदानों का उपयोग ।
18. सभी बच्चों के पास अपनी कक्षा की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध ।
19. विद्यालय प्रबंध समिति की नियमित बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा ।
20. विद्यालय में साप्ताहिक कक्षावार शिक्षक अभिभावक की नियमित बैठक ।



# चेतना

टीचर्स ऑफ़ बिहार

द चेंज मेकर


समस्तीपुर

पिन - 848207 (बिहार)

Mobile : 9473119007

7250818080

email : chetanastr@gmail.com

Website : www.teachersofbihar.org


**Follow Us**

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar